ध्येय पथ
जुलाई–2018

1. कक्षाएं प्रारम्भ

महाविद्यालय के शैक्षिक पंचाग के अनुसार 2 जुलाई से बी.एड. प्रथम वर्ष, 16 जुलाई से स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य भाग दो व तीन तथा स्नातकोत्तर रसायनशास्त्र, प्राचीन इतिहास तथा राजनीतिशास्त्र अन्तिम वर्ष की कक्षाएॅ प्रारम्भ की हुई।

2. स्वामी विवेकानन्द स्मृति दिवस

4 जुलाई को स्वामी विवेकानन्द जी की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित व्याख्यान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन मूल्य पर अपना विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

3. वार्षिक योजना बैठक

03 से 06 जुलाई को प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में सभी शिक्षकों के साथ वार्षिक योजना बैठक जगत जननी माँ सीतासभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में वार्षिक शैक्षिक पंचाग के साथ सम्पूर्ण वार्षिक योजना बनाई गई। जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

4. प्रवेश सूची जारी

16 जुलाई को बी.ए., बी.एस–सी., बी.कॉम, एम.ए., एम.एस–सी. तथा एम. कॉम प्रथम वर्ष की अर्हता सूची जारी कर दी गयी। प्रवेश समिति के संयोजक डॉ0 विजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।

5. डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम स्मृति दिवस

27 जुलाई को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी ने डॉ. ए.पी. जे. अब्दूल कलाम के जीवन और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को उद्घाटित करते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

6. छात्रसंघ की कार्यकारिणी बैठक

छात्रसंध की कार्यकारिणी की बैठक 28 जुलाई को छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल गिरी की अध्यक्षता में सीता सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में 2017–18 के चुने हुए कक्षा प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में छात्रसंघ अधिकारी द्वारा छात्रसंघ कोष का विभिन्न कार्यो के मद में अनुमोदन किया गया।